**खबर संक्षेप**

## 10 जुलाई तक बंद रहेगा साउथ स्टेशन जाने वाला मुख्य मार्ग

**कटनी।** आयुध निर्माणी कटनी के जन-संपर्क कार्यालय द्वारा आम जनता और फैक्ट्री कर्मचारियों के लिए एक प्रेस सूचना जारी की गई है। एसीसी से आर्डिनेंस फैक्ट्री कटनी होकर कटनी साउथ स्टेशन की ओर जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग अब आगामी 10 जुलाई 2026 तक पूरी तरह से बंद रहेगा।क जारी सूचना के अनुसार इस मार्ग पर आरसीसी सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। यह मार्ग पूर्व में 01 जून से 30 जून 2026 तक आवागमन के लिए अस्थायी रूप से बंद किया गया था। चूंकि सड़क अभी भी निर्माणाधीन है और सड़क की दूसरी तरफ का आंशिक निर्माण कार्य शेष है, इसलिए सुरक्षा मानकों के अनुपालन और भविष्य में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के मद्देनजर बंद रहने की इस अवधि को 10 जुलाई 2026 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस अवधि के दौरान एसीसी की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क और उसका अस्थायी वैकल्पिक मार्ग आवाजाही के लिए पूरी तरह से बंद और बाधित रहेगा। आयुध निर्माणी के कार्य प्रबंधक (प्रशासन) एवं पीआरओ राजेश पांडे ने निर्माणी कर्मचारियों तथा आम जनता से अपील की है कि वे आयुध निर्माणी क्षेत्र और कटनी साउथ स्टेशन आने-जाने तथा अपने वाहनों के लिए 'लखेरा' मार्ग का उपयोग वैकल्पिक रास्ते के तौर पर कर सकते हैं। प्रशासन ने कहा है कि निर्माण कार्य पूर्ण होते ही इस मुख्य मार्ग को दोबारा आम जनता के आवागमन हेतु खोल दिया जाएगा।

## नालियों में समा रहे बड़े वाहन, हादसे की बनी रहती है आशंका

**विजयराघवगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र में कोर्ट के आदेश के अनुसार नगर की आम जनों द्वारा अतिक्रमण हटाने लगातार प्रयास जारी है ताकि स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी फरमान के अनुसार सड़क के मध्य से 18, 18 फीट छोड़कर मेन रोड के हर व्यक्ति का मकान, दुकान, देवालय, मंदिर, मस्जिद को अतिक्रमण के दायरे में आने वाले मकान बेदखल कर रहे हैं। एक ओर बरसात का सीजन वहीं नल जल योजना को मूर्तरूप देने में जुटा है ठेकेदार का समूचा अमला किंतु मंथर गति से चल रहे। पाइप लाइन एवं नाली निर्माण से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अबकी बरसात में लोगों को मुख्य मार्ग में लग रहे जाम से निजात नहीं मिल पाएगी। नगर के व्यापारियों के अनुसार अब दुकानों के सामने पाइप लाइन निर्माण नाली निर्माण का मलमा पड़े होने के कारण ग्राहक दुकानदारों के पास आने जाने में कतराता है। फल स्वरुप जब तक उक्त मलमां नहीं हटेगा पाइपलाइन एवं नाली निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हो पाएगा व्यापारियों का व्यापार चौपट होता रहोगा। अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क चौड़ी दिख रही है एवं नालियों के ऊपर पत्थर लगे होने के कारण नालियों का पता नहीं चल पाता है। रात्रि में भारी वाहनों के आने जाने पर क्रॉसिंग के दौरान वाहन नाली में समा जाते हैं।

### स्लीमनाबाद से पिपरिया परौहा मार्ग के उड़े परखच्चे, राहगीर हो रहे घायल

# 10 किमी के मार्ग में जानलेवा गड्ढों की भरमार, बरसात में आवागमन दुश्वार

### जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियो को लोगों की परेशानी से नहीं कोई सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

तहसील क्षेत्र स्लीमनाबाद मे गत वर्ष बारिश काल के समय बारिश से सड़कों के परखच्चे उड़ गये थे, ऐसे मार्गो का अब तक निर्माण एजेंसियो के द्वारा दुरुस्तीकरण नहीं कराया गया जिससे मार्गो पर आवागमन करना दुशवार हो गया है। बारिश मे सड़कों की हुई बदहाल स्थिति निर्माण एजेंसी के द्वारा कराये गये गुणवत्ताहीन कार्यों की पोल खोलकर रख दी है।

स्लीमनाबाद तहसील अंतर्गत स्लीमनाबाद से ग्राम पंचायत पिपरिया परौहा तक बना मार्ग इन दिनों बदहाल हो गया है। मार्ग में जगह-जगह बड़े आकार के गड्ढे हो गए है जिससे आवागमन करना दुश्वार हो गया है। राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है लेकिन निर्माण एजेंसी के द्वारा सड़क मार्ग का दुरुस्तीकरण नही कराया जा रहा है।

ग्रामीणजनो का कहना है कि उक्त 10



किलोमीटर मार्ग का कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत हुआ था। वर्तमान मे उक्त मार्ग पर जगह-जगह बड़े बड़े आकार के गड्ढे हो गए है जिससे आवागमन करना दुश्वार हो रहा है।वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे है।वर्षा काल का समय फिर से शुरू हो गया है। बारिश होने के बाद मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे पानी से लबालब हो जाते है, जिससे गड्ढो की गहराई का पता नहीं चल पाता ओर वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होते है। मार्ग के पेंचवर्क को लेकर कई बार पत्राचार किया जा चुका है लेकिन निर्माण एजेंसी व विभागीय अधिकारियों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। सिसे आवागमन करना दुश्वार हो गया है। वही जनप्रतिनिधियों द्वारा भी कोई सार्थक कदम नहीं उठाये जा रहे है। अब स्कूल भी खुल गए है जिससे विद्यार्थी पढ़ाई करने दूरस्थ गाँवों से तेवरी व स्लीमनाबाद आते है। मार्ग दुरस्तीकरण न होने से विद्यार्थी को भी साईकिल से स्कूल आने के दौरान आवागमन मै परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य पं. प्रदीप त्रिपाठी का कहना था कि स्लीमनाबाद से पिपरिया परौहा मार्ग का पेंचवर्क हो या नए सिरे से सड़क मार्ग बने इसके लिए कलेक्टर से भेंटकर मांग पत्र सौपा जायेगा।

वही एसडीएम प्रदीप मिश्रा का कहना है कि उक्त मार्ग का मामला संज्ञान मै आया है। आवागमन मे राहगीरों को सहूलियत हो इसके लिए मार्ग का दुरुस्तीकरण हो पीएमजीएसवाई जीएम को अवगत कराया जायेगा।



## एसपी ऑफिस में अधिकारियों ने सुनी लोगों की समस्याएं

### जन सुनवाई में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनी गईं। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया, एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी, एसडीओपी विजयराघवगढ़ धीरेन्द्र धार्वे तथा डीएसपी अजाक शिवा पाठक मौजूद रहीं। अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदन को प्राथमिकता देते हुए संबंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिस इकाइयों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।जनसुनवाई में पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, लेन-देन संबंधी शिकायतें, पुलिस सुनवाई न होने, भूमि-प्लॉट धोखाधड़ी और महिला अपराध से जुड़े मामले प्रमुख रहे। साइबर अपराध संबंधी शिकायतों पर पुलिस अधिकारियों ने फरियादियों को जागरूक करते हुए शासन की गाइडलाइन का पालन करने की सलाह दी तथा संबंधित मामलों को साइबर सेल को भेजा।अधिकारियों ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है, जिससे लोगों को त्वरित न्याय मिल सके।

## रामसागर लेक के जीर्णोद्धार से संवरेंगे जल स्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर मंगलवार को ग्राम पंचायत छहरी में आयोजित कार्यक्रम में रामसागर लेक के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत के बाद इसके नए, विस्तृत और व्यापक स्वरूप को ग्रामीणों के लिए समर्पित किया गया। अब यह तालाब वर्षा जल के संरक्षण का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा और क्षेत्र में जल उपलब्धता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर तथा समाजसेवी अखिल पांडे का ग्रामवासियों ने कलश यात्रा एवं बैंड-बाजों के साथ आत्मीय स्वागत किया।



इस अवसर पर कलेक्टर आशीष तिवारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने रामसागर लेक में श्रमदान कर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। कार्यक्रम में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प भी दोहराया गया।

₹जल है तो कल है₹ का संदेश देते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि जल संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। यदि आज हम जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति गंभीर नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए जल संरक्षण को अभियान नहीं, बल्कि जन आंदोलन और जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि एक समय गांवों के तालाब और नदियां सामाजिक जीवन का केंद्र हुआ करते थे। हमारे बुजुर्ग इन जल स्रोतों में तैरकर आवागमन करते थे, लेकिन आज अनेक पारंपरिक जल स्रोत अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। भूजल स्तर में लगातार गिरावट चिंता का विषय है, जिसके लिए कहीं न कहीं हम सभी जिम्मेदार हैं।

जिला प्रशासन और सेट्रीज की संयुक्त भागीदारी से बड़खेरा छहरी के रामसागर लेक का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत किया गया है। करीब 19 एकड़ क्षेत्र में विस्तारित इस लेक में करीब 1 किलोमीटर लंबा वाक-वे बनाया जायेगा। जीर्णोद्धार के बाद जहां पहले ही लेक की जल ग्रहण क्षमता 130.9 मिलियन लीटर थी वह अब बढ़कर 248 मिलियन साथ ही इस लेक की गहराई 3 मीटर रहेगी। रामसागर लेक से 10 गांवों के किसानों को सिंचाई का पानी मिलेगा

## हाईवे पेट्रोलिंग वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना



सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से कटनी पुलिस ने हाईवे पेट्रोलिंग व्यवस्था को मजबूत किया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने दो हाईवे पेट्रोलिंग वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसपी श्री विश्वकर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर दुर्घटना या किसी भी आपात स्थिति की सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुंचेगी। इससे घायलों को समय पर सहायता और उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा।उन्होंने बताया कि पेट्रोलिंग वाहन बायपास क्षेत्र के आसपास तैनात रहेंगे और लगातार गश्त करेंगे। इनका उद्देश्य सड़क हादसों की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना तथा जरूरतमंद यात्रियों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है।

## बाइक की चैन में साड़ी फंसने से हुआ हादसा, गर्भवती महिला की हालत गंभीर

### विलायतकला के पास हुआ हादसा, महिला के सिर और पेट में आई चोटें, इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम विलायतकला के समीप चलती बाइक की चेन में साड़ी का पल्लू फंस जाने से बाइक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठी 6 माह की एक गर्भवती सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गई। महिला को नाजुक हालत में बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र से कटनी जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

पीड़ित पति नागेंद्र यादव ने बताया कि वह अपनी 6 महीने की गर्भवती पत्नी अर्चना यादव को रूटीन चेकअप के लिए कटनी में डॉक्टर के पास ले गया था। शाम को जब दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी विलायत कला ग्राम के पास अचानक अर्चना की साड़ी का पल्लू चलती बाइक के पिछले पहिये की चेन में फंस गया।

साड़ी का कपड़ा चेन में फंसते ही गाड़ी का संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया और दंपती तेज रफ्तार बाइक समेत सड़क पर जा गिरे। दुर्घटना में गर्भवती महिला अर्चना के सिर और पेट में गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई, जिसे देख वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत सक्रियता दिखाई और एक निजी वाहन का इंतजाम कर घायल महिला को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) पहुंचाया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने घायल महिला की नाजुक स्थिति को देखते हुए तुरंत उसका प्राथमिक इलाज शुरू किया और खून बहना रोका। डॉक्टरों ने किसी भी बड़े जोखिम से बचने के लिए उसे तुरंत एम्बुलेंस से कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में महिला डॉक्टरों की देखरेख में घायल महिला का इलाज किया जा रहा है।

## महाविद्यालयों में आज से दीक्षांत समारोह का होगा आयोजन, दी जाएगी जानकारी

### विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं के साथ ही सुरक्षा संबंधी जानकारी से कराया जाएगा अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन हेतु 1 जुलाई से 3 जुलाई 2026 तक दीक्षारंभ समारोह आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार दीक्षारंभ समारोह का आयोजन संस्थान प्रमुख की अध्यक्षता में किया जाएगा तथा इसमें नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को संस्थान की स्थापना, उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों, नियमों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, इंटर्नशिप एवं रोजगारोन्मुखी अवसरों से अवगत कराया जाएगा। विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं जैसे पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, गांव की बेटी, प्रतिभा किरण एवं मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं, आईटी अवसंरचना एवं ई-लाइब्रेरी का भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही एंटी-रैगिंग प्रावधान, महिला सुरक्षा, लैंगिक संवेदनशीलता, साइबर सुरक्षा एवं छात्र आचरण संहिता की जानकारी दी जाएगी।

विद्यार्थियों को एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अन्य सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों से भी जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में विशेषज्ञों, प्रेरक वक्ताओं एवं संस्थान के उत्कृष्ट पूर्व छात्रों के व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नशामुक्ति, मतदान जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। विद्यार्थियों को शिकायत निवारण तंत्र, परामर्श सेवाओं एवं हेल्पलाइन की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन, परीक्षा प्रणाली एवं कैरियर मार्गदर्शन से संबंधित सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं अभिभावकों को आमंत्रित किया जा सकता है। आयोजित कार्यक्रमों के फोटोग्राफ, वीडियो एवं मीडिया कवरेज का संकलन कर 8 जुलाई तक समेकित प्रतिवेदन संचालनालय को भेजा जाए। साथ ही इस आयोजन को 'प्रवेशोत्सव-2026' का अभिन्न हिस्सा मानते हुए विद्यार्थियों में अनुशासन, अपनत्व एवं उत्कृष्टता की भावना विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### ग्राम पंचायतों का एक्शन प्लान तैयार, 125 दिन मिलेगा काम

## जीरामजी योजना से गाँव, किसान ओर मजदूर तीनो होंगे सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी ग्रामीण ( मनरेगा ) योजना अब नए स्वरूप में एक जुलाई 2026 से लागू होगी। यह योजना अब ' विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण ' ( वीबी-जी-रामजी ) के नाम से जानी जाएगी। इसके तहत बहोरीबंद जनपद की 79 ग्राम पंचायतों में कार्यों का एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराना है।

#### चार श्रेणी में किया गया है विभाजित

बहोरीबंद जनपद पंचायत मै पदस्थ एपीओ मूलचंद पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा को प्रभावी बनाने नए स्वरूप में योजना को चार श्रेणी में बांटा गया है। जिसमें रोजगार गारंटी, टिकाऊ बुनियादी ढांचा, आय में विविधता, तथा सुरक्षा के साथ



पारदर्शिता और डिजिटल प्रबंधन है। बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा, कृषि आधारित सहित अन्य छोटे-छोटे रोजगार भी विकसित होंगे। शासन की गाइडलाइन पर तैयारियां चल रही हैं।नए स्वरूप मै 100 दिन की जगह अब 125 दिन का काम। कृषि आधारित कार्यों के लिए विशेष राहत । 15 दिन तक काम नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता ।बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से मजदूरी का त्वरित भुगतान ।आधुनिक बुनियादी ढांचा यानी जल संरक्षण, टिकाऊ विकास कार्य आदि।

#### चार प्रमुख श्रेणियों में होंगे कार्य

जी -रामजी योजना में जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, ग्रामीण आजीविका और आपदा प्रबंधन शामिल हैं।जल सुरक्षा में नहर, चेक डैम, भूमिगत निर्माण, तालाब, कुओं और वर्षा जल संचयन संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसमें व्यक्तिगत व सामुदायिक सिंचाई कुओं का निर्माण और मृदा व नमी संरक्षण से संबंधित पौधरोपण कार्य भी सम्मिलित हैं।वही ग्रामीण अधोसंरचना मै ग्रामीण सड़कों का निर्माण व उन्नयन, पुलिया, आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, ग्रामीण पुस्तकालय, स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। स्कूल अधोसंरचना जैसे अतिरिक्त कक्षाएं, रसोई शेड, शौचालय और खेल के मैदान भी बनाए जाएंगे। ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के लिए सोख्ता गड्ढे, अपशिष्ट केंद्र और बायोगैस संयंत्र भी हैं।ग्रामीण आजीविका के तहत कौशल विकास केंद्र, ग्रामीण हाट, कृषि उत्पाद भंडारण भवन, कोल्ड स्टोरेज यूनिट और स्वयं सहायता समूहों के लिए कार्यशालाएं निर्मित की जाएंगी। पशु आश्रय और खाद संरचनाएं भी इसमें शामिल हैं।इसके अलावा आपदा प्रबंधन मै बाढ़ आश्रय स्थलों का निर्माण, तटबंधों का सुदृढ़ीकरण, आपदा-प्रतिरोधी संरचनाएं और ग्रामीण मार्गों व सामुदायिक संपत्तियों की आपदा-पश्चात बहाली के कार्य किए जाएंगे। इन सभी कार्यों का क्रियान्वयन समुदाय और व्यक्तिगत स्तर पर किया जाएगा।

#### इनका कहना है

अभिषेक कुमार मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बहोरीबंद पंचायतों में वीबी-जी-रामजी योजना एक जुलाई से लागू होगी। गाइड लाइन के तहत पंचायत स्तर पर विकास कार्यों का एक्शन प्लान तैयार किए जा रहे हैं।योजना के तहत अब श्रमिकों को 125 दिन का रोजगार मिलेगा।

## इलाज के दौरान युवती की हुई मौत, परिजनों ने लापरवाही करने के लगाये आरोप, किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

इलाज के दौरान एक युवती की मौत का मामला सामने आया है। परिजन द्वारा लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामें करने के बाद अस्पताल में पुलिस ने मोर्चा संभाला। शव को जिला अस्पताल भिजवाया गया। यहां दो चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमॉर्टम किया।

#### ऑपरेशन की सलाह

जानकारी के अनुसार, विजयराघवगढ़ निवासी 24 वर्षीय फिजा बी एक वर्ष से पथरी की समस्या से पीड़ित थीं। इलाज कराने परिजनों ने उन्हें सोमवार को कटनी के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टर्स ने मंगलवार को तत्काल ऑपरेशन कराने की सलाह दी। इसके बाद आज दोपहर फिजा को ओटी ले जाया गया।

#### ब्लीडिंग नहीं हो रही थी बंद

फिजा के परिजन सोहेल अली का कहना है कि उसे कोई अन्य बीमारी या खून की कमी नहीं थी। ऑपरेशन के लगभग एक घंटे बाद डॉक्टरों ने खून की आवश्यकता बताई। हमने खून की व्यवस्था कर अस्पताल को सौंप दिया। इसके ठीक एक घंटे बाद डॉक्टरों ने दोबारा संपर्क कर बताया कि ब्लीडिंग बंद नहीं हो रही है। कुछ ही देर बाद फिजा को मृत घोषित कर दिया गया। आक्रोशित परिजनों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय डॉक्टरों की टीम से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

#### कराई जाएगी निष्पक्ष जांच

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर ने कहा, युवती की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई है, यह पूरी तरह से जांच का विषय है। परिजनों के आरोपों को संज्ञान में लिया गया है। विभाग द्वारा पूरे मामले की विस्तृत और निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। सर्जन डॉ किरण, एवं डॉ कमल लहरिया की टीम ने पोस्टमॉर्टम किया है। मौत की असल वजह रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी।

#### आरोप निराधार

एमजीएम हॉस्पिटल के प्रबंधक संजय तिवारी का कहना है कि डॉक्टरों पर लगाए जा रहे लापरवाही के आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। डॉक्टरों ने मरीज को बचाने का पूरा प्रयास किया। हम भी चाहते हैं कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, ताकि सच्चाई सबके सामने आ सके।

## खबर संक्षेप

### वन्य प्राणियों के लिए नही की पेयजल की व्यवस्था

**बड़वारा।** वन्य प्राणियों की सुरक्षा व संसाधन उपलब्ध करवाने के तमाम दावों पर वन विभाग के अधिकारियों की बेपरवाही देखी जा रही है। बड़वारा तहसील मुख्यालय अंतर्गत पठरा के जंगलों में पूरे ग्रीष्म काल मे भी तमाम तरह के फंड होने के बावजूद वनों में विचरण करने वाले वन्य जीवों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था नहीं की गई जबकि शासन द्वारा हर वर्ष वजट भी उपलब्ध करवाया जाता है इसके बावजूद वन्य प्राणियों के लिए पेयजल के वास्ते माकूल इंतजाम नही किया गए। कुंडम प्रोजेक्ट के अधिकारियों से इस बावद बात करने पर उनका एक ही जबाब है की शासन से वजट उपलब्ध नही करवाया गया। कुंडम प्रोजेक्ट के रेंजर जुनैद हुसैन का कहना है शासन से वन्य प्राणियों के पेयजल के लिए अतिरिक्त वजट उपलब्ध नही करवाया गया इसलिए पेयजल के इंतजाम नही करवाए जा सके। वजट प्राप्त होने पर सभी व्यवस्थाएँ की जाएंगी।

### डॉ. मेहर ने संभाला जिला आयुष अधिकारी का पदभार

**कटनी।** राज्य शासन के आयुष विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में डॉ. प्रमोद कुमार मेहर ने जिला आयुष अधिकारी, कटनी का पदभार ग्रहण कर लिया है। डॉ. मेहर इससे पूर्व सिंगरौली जिले में पदस्थ थे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले डॉ. आशीष रेजा जिला आयुष अधिकारी के पद का प्रभार संभाल रहे थे। डॉ. मेहर ने समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं गोपनीय पत्राचार उनके नाम एवं पदनाम से किए जाने का अनुरोध किया है।

### जन सम्मेलन-सह लांच कार्यक्रम कल

**कटनी।** मप्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक राज्य रोजगार गारंटी परिषद विकसित भारत- गारंटी का रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) व्हीबी-जी राम जी 1 जुलाई 2026 से प्रभावशील हो जाएगी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के शुभारंभ के अवसर पर गुरुवार, 2 जुलाई 2026 को प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अनुक्रम में जिला स्तरीय जन सम्मेलन सह लांच कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत बड़गांव में आयोजित किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक जन सहभागिता, नवीन कार्यों का शुभारंभ, योजना के प्रमुख प्रावधानों जैसे 125 दिवस रोजगार गारंटी, डिजिटल प्रणाली पारदर्शिता एवं विकेंद्रीकृत योजना निर्माण संबंधी जानकारी आदि का व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया है। राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण कवीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यक्रम में श्रमिकों और हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए तकनीकी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देशित किया है।

### जोन कार्यालय में करा सकेंगे समग्र आई.डी से संबंधित कार्य

**कटनी।** नागरिकों की सुविधा एवं समग्र आई.डी से संबंधित कार्यों की सुविधा आसानी से प्राप्त करने की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम कार्यालय के अलावा जोन तीन जोन अन्य कार्यालयों जोन कार्यालय क्रमांक 1 बस स्टैंड, जोन कार्यालय क्रमांक 2 दुर्गा चौक खिरहनी सहित जोन कार्यालय माधव नगर के माध्यम से भी समग्र आई डी बनवाने एवं आवश्यक सुधार कार्यो हेतु आवश्यक सुविधा प्रदान की जा रही है। नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर जोन क्रमांक 1 के वार्ड क्रमांक 1 से 12 तक के लिए आदर्श पाण्डेय की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं जोन क्रमांक 2 दुर्गा चौक खिरहनी के वार्ड क्रमांक 13 से 21 तक के नागरिकों के समग्र आई.डी संबंधी कार्य हेतु श्रीमती ज्योति मिश्रा को नियुक्त किया गया है। निगम कार्यालय के समग्र केन्द्र से वार्ड क्रमांक 22 से 27 तक तथा वार्ड क्रमांक 29 से 37 तक के नागरिकों के समग्र आई से संबंधित कार्य हेतु निखिल तिवारी की ड्यूटी लगाई है।

---

### झमाझम बारिश नहीं हुई तो घट सकता है खरीफ सीजन का रकबा

# मानसून की बेरूखी ने बढ़ाया सिरदर्द सूखने लगे रोपा, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



मानसून की देरी ने इस बार बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जून माह मंगलवार को समाप्त हो गया, लेकिन जून माह लगभग सूखे से गुजरने से खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान की बोवनी करीब एक पखवाडा पीछे चल रही है। समूचे बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र में खेत सूखे पड़े हुए है!किसानों ने रोपाई पद्दति के लिए धान की नर्सरी तैयार कर ली है, लेकिन पर्याप्त बारिश न होने से धान के पौधे सूखने लगे है। किसान निजी संसाधनों से सिंचाई कर नर्सरी बचाने का प्रयास कर रहे है।

#### बोवनी हो सकती है प्रभावित

विकासखंड क्षेत्र में शुरूआती बारिश होने के बाद किसान छिटका पद्दति से धान बोते है लेकिन इस बार पर्याप्त वर्षा नहीं होने से इसका समय निकल गया है। अब किसान जुलाई माह के प्रथम सप्ताह अच्छी बारिश की उम्मीद लगाए बैठे है ताकि खेतों में पानी भरने पर मचोआ पद्दति व रोपा पद्दति से बोवनी शुरू की जा सके। लगातार देरी से मनासून सक्रिय होने के कारण धान सहित अन्य फसलों की बोवनी भी प्रभावित हो रही है। कृषि विशेषज्ञओ का मानना है कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई तों बोवनी का रकबा घट सकता है ओर उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

#### 25 हजार हैक्टेयर में होनी है बोवनी

मंगलवार से आषाढ़ माह का आगाज हो गया है लेकिन मानसून की दस्तक अब तक नही हुई है जिससे खेत वीरान पड़े हुए है। किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार है ताकि खरीफ सीजन का कृषि कार्य शुरू कर सके। झमाझम बारिश हो इसके लिए किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हुए है। बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र में खरीफ फसल का रकबा 25 हजार हेक्टेयर निर्धारित किया गया है जिसमें ज्यादा रकबा धान का 20 हजार हैक्टेयर है।

#### क्या कहते हैं किसान

किसान अनुग्रह यादव, पवन यादव, रामनारायण यादव, अरविंद हल्दकार, राकेश साहू सहित अन्य किसानों का कहना है कि डीजल, खाद, बीज के दाम बढने से खरीफ फसल की लागत बढ़ गई है।बीज निगम व सहकारी समितियों मैं धान के उन्नतशील बीज की किस्मो का अभाव रहता है।जिससे निजी दुकानों पर निर्भर होना पड़ता है।निजी दुकानों मैं मनमानी दर पर बीज विक्रय किया जाता है।निजी विक्रेताओं की मनमानी पर लगाम नही लगाई जा रही है।कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए निःशुल्क बीज वितरण की योजनाएं भी बंद हो चुकी है।अनुदान पर जो बीज मिलता है उसपर उत्पादन कम होता है।इससे छोटे व मध्यम किसानों को परेशानी हो रही है।

#### इनका कहना है

एसएडीओ कृषि विभाग बहोरीबंद अमर सिंह एमा का कहना है कि जून माह में मानसून के सक्रिय नहीं होने ओर बारिश कम होने से धान की बोवनी 15 दिन पिछड़ गई है। अब जुलाई माह के प्रथम सप्ताह मै अच्छी बारिश हो जाये जिससे बोवनी का कार्य गति पकड़ लेगा हालांकि वर्तमान परिस्थितियों मै धान उत्पादन प्रभावित होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

---



## अवैध वसूली करने का आरोप कलेक्टर से कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

थोक फल व्यापारियों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर फुटकर फल विक्रेताओं से की जा रही अवैध वसूली पर मंगलवार को समस्त फुटकर फल संघ के बैनर तले दुकानदार अपनी फरियाद लेकर कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे और कलेक्टर को शिकायती पत्र सौंपा है। फुटकर फल संघ के अध्यक्ष रामराज गुप्ता के नेतृत्व में सौंपे गए शिकायती पत्र के अनुसार थोक फल व्यापारी फलों के विक्रय पर अपना सारा खर्च और मुनाफा जोड़ने के बाद भी फुटकर विक्रेताओं से 4 प्रतिशत अतिरिक्त कमीशन और 10 रूपये प्रति कैरेट (केला) अलग से वसूल रहे हैं।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विरोध करने पर थोक व्यापारी गुंडागर्दी पर उतारू हो जाते हैं और धमकी देते हैं। फुटकर व्यापारियों का कहना है कि यह नियम विरुद्ध वसूली सीधे तौर पर उनकी आजीविका पर डाका है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि भोपाल मंडी बोर्ड द्वारा साल 2018 से ही इस तरह के कमीशन और अतिरिक्त कटौती पर पूरी तरह से रोक लगाई जा चुकी है। इसके बावजूद कटनी के थोक व्यापारी मंडी नियमों और प्रशासनिक आदेशों का सरेआम उल्लंघन कर रहे हैं। इस मामले में कृषि उपज मंडी समिति कटनी के सचिव द्वारा 10 जून 2026 को ही समस्त थोक फल व्यापारियों को एक 'चेतावनी पत्र' जारी किया जा चुका है। इस पत्र में साफ तौर पर कहा गया था कि 4% कमीशन और 10 रूपये प्रति क्रय की अवैध वसूली पूरी तरह अवैधानिक है और इसे तत्काल बंद किया जाए। मंडी समिति ने चेतावनी दी थी कि आदेश का उल्लंघन करने पर थोक व्यापारियों पर कार्रवाई की जाएगी, लेकिन थोक व्यापारियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ।

---

## टैंकरों से पेयजल सप्लाई, लीकेज का कराया सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्रीष्मकाल के दौरान नगर वासियों को शुद्ध एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। निगम प्रशासन के निर्देशन में जल प्रदाय शाखा की टीम द्वारा दैनिक जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी करते हुए पेयजल वितरण को सुचारू बनाए रखने के लिए सतत प्रयासरत है।

निगम द्वारा जल प्रदाय से जुड़े प्रमुख स्त्रोतों, पंप हाउस एवं ओवरहैड टंकियों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त शिकायतों के आधार पर क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों की मरम्मत, लीकेज सुधार तथा आवश्यक तकनीकी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जा रहा है, जिससे नागरिकों को निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उक्त कार्यवाही के तहत सोमवार को नगर के 12 स्थलों पर पाइप लाइन लीकेज मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जल गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सोमवार को नगर के विभिन्न वार्डो से 18 पेयजल के नमूनों की जांच कराई गई।

जलप्रदाय शाखा द्वारा जलापूर्ति तंत्र का सतत सुधार भी किया जा रहा है। जहां आवश्यकता महसूस हो रही है, वहां त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई कर टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने का कार्य अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। जिसके तहत विगत दिवस नगर के विभिन्न स्थलों लखेरा, एन.के.जे, पहरूआ, अमीरगंज, गायत्री नगर, बैलट घाट, फॉरेस्टर वार्ड में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 21 टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराई गई।

---

## 85 पाव देशी मदिरा एवं चार लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त



**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा के विक्रय पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके के नेतृत्व में वृत स्लीमनाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बंधी, संसारपुर, पहरुआ, कौंडिया एवं स्लीमनाबाद में संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी गई। दबिश के दौरान कुल 85 पाव देशी मदिरा एवं 4 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। साथ ही इस कार्रवाई में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) के तहत कुल 6 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। इस कार्रवाई में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार एवं आरक्षक राजेश गौंटिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के विरुद्ध यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

---

## हांका टीम ने आवारा मवेशियों को पकड़ भेजा कांजी हाउस



शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा आवारा एवं घुमंतू मवेशियों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार जारी है। निगम की हांका टीम ने सोमवार शाम नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एन.के.जे बजरिया, रेल्वे ग्राउंड, एनकेजे मुख्य बाजार क्षेत्र, आर.पी.एफ थाने के पास, पी.डब्लयू डी रोड, दुगाडी नाला मुख्य मार्ग एवं सार्वजनिक स्थलों पर कार्रवाई करते हुए 21 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित अमीरगंज कांजी हाउस भेजा। निगम प्रशासन द्वारा नियमित रूप से संचालित इस अभियान का उद्देश्य सड़कों पर विचरण कर रहे मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं, यातायात बाधा तथा जनसुविधाओं में उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। निगम ने पशु पालकों से भी अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोडें.तथा उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई एवं जुर्माना किया जाएगा। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में यातायात व्यवस्था और जन सुरक्षा बनाए रखने के लिए घुमंतू मवेशियों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

---

## चाकू से हमला कर युवक की हत्या के मामले में पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



थाना रंगनाथ नगर क्षेत्र के अंतर्गत मंगल नगर में मामूली विवाद के चलते एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर उसकी हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी रिश्ते में पिता-पुत्र हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 जून 2026 को फरियादी संतोष गोड़ 39 वर्ष निवासी मंगल नगर ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि मोहल्ले के ही रमेश यादव और उसके बेटे रितेश यादव ने उनके तथा उनके भाई कन्हैया गोड़ के साथ विवाद किया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से कन्हैया गोड़ पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

गंभीर रूप से घायल कन्हैया गोड़ को तुरंत जिला अस्पताल कटनी ले जाया गया, जहाँ उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जबलपुर रेफर कर दिया। लेकिन दुर्भाग्यवश, जबलपुर ले जाते समय रास्ते में ही कन्हैया ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया।

हत्या की संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में रंगनाथ नगर थाना प्रभारी अरुण पाल सिंह के नेतृत्व में अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गईं। पुलिस टीमों ने आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों आरोपियों रमेश यादव 41 वर्ष, रितेश यादव पिता रमेश यादव 19 निवासी मंगल नगर शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

---

### कलेक्टर ने जन सुनवाई में सुनी 170 आवेदकों की समस्याएं

## शासकीय भूमि में अतिक्रमण कर रास्ता रोका, कार्यवाही करने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे 179 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, जिला प्रबंधक लोक सेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

#### नहीं मिली मजदूरी

जनसुनवाई के दौरान ग्राम बन्दरी निवासी सुरेश कुमार कुशवाहा ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उन्होंने दिसम्बर 2025 एवं जनवरी 2026 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य में 16 दिनों तक श्रम किया, लेकिन अब तक उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जनपद पंचायत बड़वारा को प्रकरण का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार कन्हवारा निवासी बाबूलाल समना रौतेल ने अपने नाती का आधार कार्ड बनवाने में आ रही कठिनाइयों की जानकारी देते हुए बताया कि कई प्रयासों के बावजूद आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है, जिससे बच्चे की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस पर कलेक्टर ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को आवश्यक कार्रवाई कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

ग्राम बगवारा निवासी 70 वर्षीय मंगल पटेल ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके पड़ोसी द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर उनके निजी खेत तक जाने का रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने तहसीलदार बरही को नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम डीघी निवासी राजीव कुमार तिवारी ने गांव के शासकीय हैंडपंप के बंद होने से उत्पन्न पेयजल संकट की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

### ग्राम लखाखेरा में विधायक की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन

## पर्यावरण एवं जल संरक्षण करना सभी का दायित्व, बनाये जन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




मप्र में संचालित 'जल गंगा संवर्धन अभियान-2026' के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय समापन समारोह मंगलवार को विकासखंड बड़वारा के ग्राम लखाखेरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह तथा विशिष्ट अतिथियों अनुराग गुप्ता, मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद निर्भय सिंह एवं जनपद पंचायत बड़वारा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रभा तेकाम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीणों की सहभागिता रही और विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में एपीओ अजीत सिंह परिहार, एनआरएलएम से सूर्यप्रताप सिंह बघेल, ग्राम लखाखेरा के सरपंच प्रतिनिधि फग्गू लाल केवट की सांस्कृतिक टीम, पंचायत सचिव सुदामा विश्वकर्मा, डी.एस. बघेल सहित मानव जीवन विकास समिति के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश भी साझा किया गया, जिसमें उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 को सफल जनआंदोलन बनाने में योगदान देने वाले सभी विभागों, पंचायत राज संस्थाओं, नगरीय निकायों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, शिक्षण संस्थानों, महिलाओं, युवाओं, किसानों एवं प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से उन नागरिकों की सराहना की जिन्होंने श्रमदान कर तालाबों, कुओं, बावड़ियों एवं जल स्त्रोतों की साफ-सफाई में योगदान दिया और जल संरक्षण को सामाजिक दायित्व के रूप में अपनाया।

प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान का उल्लेख करते हुए बताया गया कि जल संरक्षण को जनभागीदारी का विषय बनाने की प्रेरणा से ही यह अभियान प्रारंभ किया गया है, ताकि यह केवल सरकारी योजना न रहकर सामाजिक संस्कार का रूप ले सके। जल को जीवन, विकास एवं भविष्य की सुरक्षा का आधार बताते हुए इसके संरक्षण और समुचित प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया गया।

मुख्य अतिथि विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने ग्रामीणों से वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, जल संरचनाओं के नियमित रख-रखाव, जल के विवेकपूर्ण उपयोग तथा अपव्यय रोकने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गांव के तालाब, कुएं, बावड़ियां एवं नालों को स्वच्छ बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाना आवश्यक है।

पर्यावरणविद निर्भय सिंह ने अभियान की सफलता पर सभी को बधाई देते हुए बताया कि उनके संगठन द्वारा जल संरक्षण के लिए छोटे-छोटे तालाब एवं जल संरचनाओं का निर्माण तथा व्यापक वृक्षारोपण किया गया है, जिससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिल रही है।

सीईओ प्रभा तेकाम ने जानकारी दी कि जुलाई 2026 से प्रदेश में "विकसित भारत – रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)" का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिस उत्साह और सहभागिता से जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाया गया है, उसी प्रकार इस नई योजना को भी सफल बनाया जाएगा।

---

## महाविद्यालय बरही में आज से शैक्षणिक सत्र का होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में सत्र 2026-27 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 1 जुलाई से तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. आर के त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया जायेगा। डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 एवं अन्य योजनाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 से संबंधित विभिन्न बारीकियों से अवगत कराया जायेगा। महाविद्यालय में प्राप्त विभिन्न प्रकार की सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की जायेगी।

प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम में पूर्व छात्रों के अनुभवों का लाभ नव प्रवेशित विद्यार्थियों को प्राप्त कर सकेंगे। दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन, प्लेसमेंट तथा राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा उत्सव, विभिन्न खेल एवं अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों से संबंधित जानकारी, विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं एवं अन्य आवश्यक जानकारियां दी जाएगी। शासकीय महाविद्यालय बरही में 1 जुलाई से प्रातः 11 बजे से आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम में अधिक से अधिक नव प्रवेशित विद्यार्थी महाविद्यालय में स्वयं उपस्थित होकर आवश्यक जानकारी प्राप्त करें जिससे कि भविष्य में जानकारी के अभाव में होने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं से बच सकें।

## खास बातें

### तीन फरार आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** जिले में फरार आरोपियों की धरपकड़ और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी जबलपुर नाका पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के निर्देशन में संचालित विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी के नेतृत्व में चौकी जबलपुर नाका पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया।पुलिस ने थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 241/2026 में करीब दो माह से फरार आरोपी, अपराध क्रमांक 312/2026 में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत फरार आरोपी तथा अपराध क्रमांक 212/2026 में लगभग चार माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। प्रकरणों में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।इस सफल कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रियंका पटेल, एएसआई अक्षेन्द्रनाथ, प्रधान आरक्षक सुमन, सचिन नामदेव, गणेश, जालम, नंदलाल, आरक्षक रूपेश यादव, गौरव, हेमराज, प्रताप, सुरेंद्र, आशीष तथा सैनिक-56, सैनिक-100 और सैनिक-127 की सराहनीय भूमिका रही।

### परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार हुए सेवानिवृत्त

**पन्ना।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न पदों पर रहे मिलनसार मृदु भाषी कार्य क्षमता के अग्रणी तथा वर्तमान में जिला पंचायत के मनरेगा परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार अपनी सेवा अवधि पूरी करके सेवा निवृत्त हुए हैं ।उनकी सेवानिवृत्ति होने पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

नौकरी गांव में, काम कर रहे शहर में

# लाखों की लागत से बनी प्रयोगशाला में छात्रों को नहीं मिलता प्रयोगशाला का ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद



एक ओर जहां सरकार कर्मचारियों को अपने मुख्यालय पर रहने के लिए आदेशित करती है वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचल में पदस्थ शासकीय कर्मचारी अपने मुख्यालय पर न रहकर शहर मे निवास करके गांव की ड्यूटी कर रहे हैं। ग्राम गैसाबाद में शासन द्वारा अनेक विभागों के कार्यालय तो खोल रखे हैं लेकिन उन कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारी अपने मुख्यालय पर बहुत कम ही दिखाई देते हैं और डेली अप डाउन करके टाइम वे टाइम मुख्यालय पर पहुंचते हैं जिससे आम जनता को परेशानी होती है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण नहीं किए जाने के कारण कर्मचारी निर्भय होकर अपनी मनमर्जी के मुताबिक कार्यालय पहुंचते हैं।

ग्राम में एक भी शासकीय कार्यालय ऐसा नहीं है जिसमें कर्मचारी मुख्यालय बनाकर क्षेत्र में रहते हो, ग्राम का पशु औषधालय कार्यालय तो लगभग 1 वर्ष से अधिक समय से कर्मचारी विहीन पड़ा हुआ है। कार्यालय में एक भी कर्मचारी पदस्थ नहीं होने के कारण कार्यालय में ताला लगा हुआ है जिससे लोगों को अपने मवेशी का इलाज करने के लिए बहुत परेशानी हो रही है। ग्राम में पदस्थ ग्राम विकास अधिकारी ग्राम सेवक तो कभी मुख्यालय पर दिखाई ही नहीं देते हैं। ग्रामीणों ने हरिभूमि को बताया कि हम लोगों को तो पता ही नहीं है कि ग्राम का ग्राम सेवक कौन है क्योंकि ग्राम सेवक कभी ग्राम में आते ही नहीं है। शासन द्वारा ग्राम में उप तहसील कार्यालय की बिल्डिंग तो बहुत बड़ी बना रखी है लेकिन उसमें बैठने के लिए कर्मचारी बहुत कम मिलते हैं नायब तहसीलदार एवं लिपिक कभी मुख्यालय पर दिखाई ही नहीं देते हैं। ग्रामीण जन बताते हैं कि यदि कम से कम सप्ताह में एक दिन मंगलवार के दिन यदि नायब तहसीलदार उप तहसील कार्यालय में बैठने का समय देने लगे तो हम लोगों को बहुत सहूलियत होगी क्योंकि अभी हम लोगों को तहसील से संबंधित कार्य कराने के लिए गांव से 27 किलोमीटर दूर हटा शहर को जाना पड़ता है। हाई स्कूल में पदस्थ शिक्षक भी डेली अप डाउन करते हैं जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है। ग्राम पंचायत कार्यालय में पिछले करीब चार वर्षो से कुछ लोगों के हस्तक्षेप के चलते वर्चस्व की लड़ाई के कारण शिकवा शिकायत होने से कोई भी सचिव अधिक समय तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टिक नहीं पा रहा हैं। साल या 6 माह में पंचायत सचिव के ट्रांसफर होते रहते हैं जिससे पंचायत के कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पा रहे हैं शासन द्वारा ग्राम के हाई स्कूल प्रांगण में प्रयोगशाला के नाम से बिल्डिंग तो लाखों रुपए की लागत से बनाकर खड़ी कर दी गई है। लेकिन उस बिल्डिंग में प्रयोगशाला के नाम पर कोई अधिक शिक्षण कार्य नहीं हो पाना छात्रों को प्रयोगशाला का समुचित लाभ प्राप्त नहीं होना चिंता का विषय हैं। ग्रामीण जनो ने शासन और प्रशासन से शासकीय कर्मचारियों को अपने मुख्यालय पर ही रहने के लिए आदेशित किये जाने की मांग की है।

इस मामले पर जब संबंधित विभागों के अधिकारियों से हरिभूमि संवाददाता ने दूरभाष के माध्यम से चर्चा की तो अधिकारियों का कहना है कि कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण कुछ परेशानियां जा रही है जिससे शासकीय कार्यालय सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहे हैं, जबकि पशु औषधालय हटा के ब्लॉक अधिकारी वीके असाटी का कहना है कि ग्राम गैसाबाद का पशु औषधालय कार्यालय कर्मचारी विहीन है जिसकी जानकारी मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों को दे दी गई।

## तेंदूखेड़ा के साप्ताहिक बाजार में पुलिस की मुस्तैदी से दिखी बेहतर व्यवस्था



**तेंदूखेड़ा।** नगर में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक बाजार के दौरान पुलिस प्रशासन की सक्रियता के चलते मुख्य मार्ग पर यातायात एवं बाजार व्यवस्था पहले की अपेक्षा काफी बेहतर रही। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार को मुख्य मार्ग पर चाकूबाजी की घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। इस गंभीर घटना के बाद बाजार की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर स्थानीय नागरिकों में चिंता का माहौल था। सोमवार को इस संबंध में एसडीओपी अर्चना अहीर ने आश्वस्त किया था कि आगामी साप्ताहिक बाजार में व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा। उनके निर्देशों के अनुरूप मंगलवार को पुलिस बल ने बाजार क्षेत्र में विशेष व्यवस्था लागू की, जिसका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। पुलिस ने मुख्य मार्ग पर यातायात को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की और अनावश्यक भीड़ एवं जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी। इसके साथ ही सड़क तक फैले अतिक्रमण पर भी प्रभावी कार्रवाई की गई। बाजार में लगने वाले ठेले एवं दुकानदारों को निर्धारित सीमा के भीतर ही दुकानें लगाने के निर्देश दिए गए, जिससे मुख्य मार्ग अवरुद्ध नहीं हुआ और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिली। बाजार क्षेत्र में पुलिस की नियमित गश्त एवं निगरानी के कारण पूरे समय सुरक्षा का माहौल बना रहा। यातायात व्यवस्था सुचारु रहने से खरीदारी के लिए आए लोगों को भी राहत मिली।

## पेंशनर संघों के संयुक्त मोर्चा की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला दमोह के सभी पेंशनर संघो के संयुक्त मोर्चा की बैठक मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष स्वामी अशोक तिवारी अध्यक्ष प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा जिला के सभी पेंशनर्स संघों का उनके प्रति विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार ज्ञापन करते हुए अनुरोध किया कि आप सभी का साथ ही मेरी अर्थात संयुक्त मोर्चा की ताकत है। श्री तिवारी द्वारा संयुक्त पेंशनर्स मोर्चा की कार्यकारिणी गठन हेतु सभी संघो से दो दो नाम प्राप्त किए गए ।बैठक में सभी पेंशनर संघों ने कार्यालय प्रमुखों ,पेंशन कार्यालय द्वारा पेंशनरों की समस्याओं के प्रति उपेक्षा के लिए आक्रोश व्यक्त किया गया।बैठक उपरांत सभी संघों के प्रतिनिधियों द्वारा कलेक्ट्रेट जाके दमोह जिला के नवागत कलेक्टर श्री यादव से भेट का उनका स्वागत कर पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण हेतु पेंशनर्स संघों की शीघ्र बैठक बुलाने का अनुरोध किया। कलेक्टर महोदय द्वारा शीघ्र पेंशनर संघों की बैठक बुलाने का आश्वासन दिया गया। सभी पेंशनर संघों ने नवागत कलेक्टर महोदय का इसके लिए आभार व्यक्त किया। बैठक एवं स्वागत हेतु स्वामी अशोक तिवारी अध्यक्ष संयुक्त पेंशनर्स मोर्चा एवं अध्यक्ष प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन, जगदीश चौबे प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं अध्यक्ष प्रोग्रेसिव पेंशनर्स ऐसोसिएशन, प्रताप रोहित, अजाक्स पेंशनर्स प्रकोष्ठ प्रांतीय सदस्य, सत्यनारायण पांडे प्रगतिशील पेंशनर एसोसिएशन, के सी जैन पेंशनर्स समाज एवं विद्युत मंडल पेंशनर्स संघ, राज किशोर सेन संरक्षक पुलिस पेंशनर संघ, धन सिंह राजपूत अध्यक्ष पुलिस पेंशनर्स संघ, आर के मिश्रा अध्यक्ष पेंशनर्स समाज, एम एल सरैया कार्यवाहक अध्यक्ष पेंशनर्स समाज, पी एन अहिरवार कोषाध्यक्ष पेंशनर्स समाज, ललित चौबे, महामंत्री पेंशनर्स समाज, रमाकांत पाठक,महामंत्री प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन, रोहणी गौतम, द्वारिका सेन अध्यक्ष नगरपालिका पेंशनर्स संघ, नरेंद्र सेन प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन, जगदीश यादव नगरपालिका दमोह अभय भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## पांच सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




'वर्दी से सेवानिवृत्ति होती है, सेवा और समर्पण से नहीं'—इसी भावना के साथ दमोह पुलिस परिवार ने न्यू पुलिस कंट्रोल रूम में सेवानिवृत्त हो रहे पांच अधिकारी-कर्मचारियों के सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में भावुक माहौल के बीच उनके लंबे सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा और विभाग के प्रति समर्पण को सम्मानपूर्वक याद किया गया।समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए पुलिस विभाग में बिताए गए यादगार पलों को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि जनसेवा के दौरान मिली चुनौतियां और अनुभव उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उनके योगदान की सराहना करते हुए उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की शुभकामनाएं दीं।पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) ने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं उनके परिजनों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने सभी को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि विभाग के प्रति उनकी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने सभी के सुखद, स्वस्थ एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना भी की।इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वालों में एसडीओपी श्रीदेवी सिंह ठाकुर, एएसआई दिनेश गोस्वामी (लाइन ऑफिसर), एएसआई राजेंद्र दुबे, प्रधान आरक्षक अरविंद तिवारी तथा प्रधान आरक्षक नर्मदा पटेल शामिल रहे।कार्यक्रम में सीएसपी आर. पांडे, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, सूबेदार अभिनय साहू, आकांक्षा जोशी एवं उप निरीक्षक सविता रजक सहित पुलिस विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।गरिमामय और भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुए इस समारोह ने यह संदेश दिया कि दमोह पुलिस अपने प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी के योगदान का सम्मान करती है तथा सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्हें अपने परिवार का अभिन्न सदस्य मानती है।

## समय पर वेतन की माँग को लेकर शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन



**हटा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी के चिकित्सा अवकाश पर होने और जिला कार्यालय से कोई वैकल्पिक व्यवस्था ना होने से वेतन भुगतान समय पर ना हो पाने की आशंका के चलते मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई द्वारा कलेक्टर के नाम सम्बोधित ज्ञापन एस डी एम हटा को सौंपा गया। ज्ञापन में लेख किया गया है कि हटा के प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएल बिदोल्या दिनांक 24 जून से चिकित्सा अवकाश पर हैं जबकि जून माह के वेतन भुगतान की आवश्यक कार्यवाही अभी तक प्रारम्भ नहीं हुई है ऐसे में समय पर वेतन भुगतान ना होने से शिक्षकों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ज्ञापन में बताया गया है कि अधिकांश शिक्षकों के ऊपर अपनी विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ती के लिए बैंक से लिए गए लोन की किश्तें जमा करने का दवाब होता है समय पर वेतन जमा न होने से पेनाल्टी लगने के साथ साथ शिक्षकों की क्रेडिट भी खराब होती है। संघ पदाधिकारियों ने कलेक्टर महोदय से त्वरित रूप से डीडीओ की अस्थायी व्यवस्था बनाकर समय पर वेतन भुगतान की बात रखी। ज्ञापन देने वालों में शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सोनी मुकेश पटैल दिनेश प्यासी आनंद पटैल अनिल दुबे एवं मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष महेंद्र पटैल की उपस्थिति रही।

## हितग्राही को बिना जानकारी 80 हजार की राशि निकाली

### प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले के जबेरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कुलवा के ग्राम बहेरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना में गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। यहां एक हितग्राही को बिना जानकारी दिए उसके नाम पर स्वीकृत आवास की राशि निकाले जाने का आरोप लगा है। ग्राम बहेरिया निवासी डालचंद्र रैकवार (पिता – जुगराज रैकवार) ने बताया कि उनका प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था, लेकिन उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं थी। गांव के एक व्यक्ति द्वारा सूचना मिलने पर जब उन्होंने सरपंच से इस बारे में पूछा, तो सरपंच ने आवास स्वीकृत होने से इनकार कर दिया। इसके बाद डालचंद्र जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं जनपद सदस्य के पास पहुंचे। उनके माध्यम से जब प्रधानमंत्री आवास योजना के ब्लॉक समन्वयक अधिकारी मिश्रा से जानकारी ली गई, तो उन्होंने पूरा रिकॉर्ड निकालकर दिया। इसमें स्पष्ट हुआ कि डालचंद्र के नाम से 40 हजार की दो किस्तें जारी की जा चुकी हैं। हैरानी की बात यह है कि डालचंद्र के बैंक खाते में यह राशि कभी नहीं पहुंची। जब दस्तावेजों की जांच की गई, तो पाया गया कि सिस्टम में जो फोटो अपलोड की गई है, वह डालचंद्र की नहीं बल्कि किसी अन्य व्यक्ति की है। आरोप है कि फर्जी फोटो और फर्जी खाते के माध्यम से यह राशि निकाली गई है। डालचंद्र का कहना है कि उनके आवास का निर्माण अभी तक शुरू भी नहीं हुआ है और न ही उन्होंने किसी प्रकार की प्रक्रिया पूरी की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गांव में फोटो खींचने का काम सरपंच का बेटा नीरज करता है, जिससे संदेह और गहरा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस प्रकार की गड़बड़ी केवल एक मामले तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव में कई फर्जी आवास स्वीकृत कर इसी तरह राशि निकालने का खेल चल रहा है। बताया जा रहा है कि संबंधित लोग हितग्राहियों के आधार कार्ड लेकर एयरटेल बैंक और फिनो बैंक में फर्जी खाते खोलते हैं, जिनमें अपना मोबाइल नंबर जोड़कर राशि निकालते रहते हैं। इस पूरे मामले की जानकारी हितग्राहियों को नहीं हो पाती। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि योजनाओं का लाभ सही पात्र लोगों तक पहुंच सके और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जा सके।

## जनसुनवाई में केवट मोहल्ले की महिलाओं ने लगाई सीसी सड़क और नाली निर्माण की गुहार

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में नगर परिषद के वार्ड क्रमांक-1 स्थित केवट मोहल्ला की महिलाओं ने वर्षों से चली आ रही सड़क और जलभराव की समस्या को लेकर प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। महिलाओं ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर शिव मंदिर से लगी कच्ची गली में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कराने की मांग की। आवेदक सरस्वती केवट, पति अरविंद केवट, के नेतृत्व में पहुंचीं महिलाओं ने बताया कि वे शिव मंदिर से लगी कच्ची गली में निवास करती हैं। बरसात के दिनों में सड़क पर पानी भर जाने से लोगों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो जाता है। विशेष रूप से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कीचड़ और जलभराव के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। महिलाओं का कहना था कि इस समस्या के समाधान के लिए वे कई बार नगर परिषद में आवेदन एवं शिकायत कर चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सड़क आज भी कच्ची है और वहां जल निकासी के लिए नाली की व्यवस्था नहीं होने से प्रत्येक वर्ष बरसात में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। ज्ञापन के माध्यम से महिलाओं ने मांग की कि शिव मंदिर से लगी कच्ची गली का शीघ्र सीसी सड़क निर्माण कराया जाए तथा दोनों ओर पक्की नालियों का निर्माण कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। जनसुनवाई के दौरान वंदना केवट, रजनी केवट, लक्ष्मी केवट और पुष्पा केवट सहित अन्य महिलाओं ने भी अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। महिलाओं ने उम्मीद जताई कि प्रशासन उनकी वर्षों पुरानी समस्या का शीघ्र समाधान कराएगा, जिससे बरसात के मौसम में उन्हें होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके।



### इनका कहना है

नगर परिषद तेंदूखेड़ा के उपयंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व कुछ महिलाओं ने उन्हें इस समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर जलभराव की समस्या है, वहां तक कोई बड़ा वाहन या निर्माण संबंधी मशीनरी नहीं पहुंच सकती, जिससे कार्य कराने में तकनीकी कठिनाई आ रही है। इसके अलावा पानी की निकासी का भी फिलहाल कोई आसान विकल्प उपलब्ध नहीं है। उपयंत्री ने बताया कि वे स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के बाद स्थिति का आकलन कर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी तथा समस्या के समाधान के लिए जो भी संभव होगा, उसके संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हुआ सम्मान समारोह



**दमोह।** संयुक्त कर्मचारी संघ, नगरपालिका परिषद दमोह के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद परिसर में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निकाय से सेवानिवृत्त होने वाले श्रीमती चंद्ररानी कछवाहा, तुलसीराम अहिरवार, राजेंद्र सिंह राजपूत एवं राजू यादव का भावभीना सम्मान किया गया। संयुक्त कर्मचारी संघ द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी जीपीएफ राशि का चेक प्रदान किया गया। साथ ही भगवान का चित्र भेंट कर शाल एवं श्रीफल से सम्मानित करते हुए उनके दीर्घायु, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन तथा उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त की गईं। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संघ पदाधिकारियों ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों की वर्षों की उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाओं की सराहना करते हुए उनके योगदान को याद किया। सभी ने उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

## पेयजल स्त्रोतों की नियमित निगरानी एवं क्लोरीनीकरण सुनिश्चित किया जाये: कलेक्टर

**दमोह।** वर्षा ऋतु प्रारंभ हो गई हैं पेयजल स्त्रोतों की नियमित निगरानी एवं क्लोरीनीकरण सुनिश्चित किया जाये ताकि आमजनों को गुणवत्ता पूर्ण पेयजल सुनिश्चित हो, सबंधित अधिकारी लगातार इसकी मॉनीटरिंग करेंगे। पथरिया एमएलबी स्कूल भ्रमण के दौरान आई शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी को समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। पुस्तकें समय पर पहुँचे जिला अधिकारी इसे सुनिश्चित करेंगे। इस आशय के निर्देश कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे सहित अन्य जिलाधिकारी मौजूद रहे।कलेक्टर श्री यादव ने कहा बैठक में सीएम हेल्पलाइन की 'नॉट अटेंडेड' शिकायतें शून्य रहें तथा सभी शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम एवं विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा श्रम विभाग को असंगठित श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने तथा बैठक के प्रारंभ में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों से अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा उनके पालन की प्रगति की समीक्षा की गई। सभी एसडीएम को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के कलेक्टर श्री यादव ने निर्देश दिए। प्रसूति सहायता योजना के लंबित भुगतान की समीक्षा कर पात्र हितग्राहियों का शीघ्र भुगतान कराने के निर्देश दिए। माह जुलाई में आयोजित दस्तक अभियान सह स्टॉप डायरिया के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर जिला एवं खण्ड-स्तरीय बैठक कराने के साथ ही पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक दवाओं की अविलंब आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए ।

## प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने दी मैया के मधुर भजनों की प्रस्तुति

**हटा।** नगर के शिव शक्ति मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवतम आयोजन भक्ति, संस्कृति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला विगत नौ दिनों से आयोजित हो रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन अवसर पर सोमवार की रात्रि प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने अपनी मधुर वाणी से भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम प्रांगण स्टेडियम में तब्दील हो गया। हरेक गीत पर श्रोतागण देर रात तक थिरकते रहे। खचाखच भरे इस आयोजन में देर रात तक श्रोताओं ने प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर के भक्तिगीतों का आनंद लिया। जिसमें सबसे मुख्य माता दुर्गा का अत्यंत लोकप्रिय गीत



₹छुम छुम छननन बाजे मैया पांव पैजनिया₹ देवी गीत मंच से शहनाज द्वारा अपनी मधुर वाणी से गया तो पूरे पंडाल मैं श्रोता झूमते हुए माता की जय कारे लगाने लगे। इसके बाद पंडा कराय रहो पूजा मैया जी की, ना माने ना माने मैया, रण में गरज रही रे, कंगना खनक करे शोर,मैया देने वाली है, हम लेने वाले हैं, जय माता दी बोल,ये भगवा रंग,नौ रंग रंग दे चुनरिया, सिंगार वाली महाकाली, जगदंबे चली आओ आदि गीतों में देर रात तक श्रोतागण मातारानी के गीतों में भावविभोर होकर माता के जय कारे लगाते रहे। कार्यक्रम के दौरान नेतागण सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## आज टाइगर रिजर्व का कोर एरिया तीन महीने के लिए हुआ बंद

**तेंदूखेड़ा।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व' के कोर एरिया को आज 1 जुलाई से अगले तीन महीनों के लिए पर्यटकों के लिए पूरी तरह से बंद किया जा रहा है वन विभाग द्वारा जारी आधिकारिक दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह प्रतिबंध 30 सितंबर तक प्रभावी रहेगा, जिसके बाद अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में कोर क्षेत्र को पुनः पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। हालांकि, निर्देशों में यह खुलासा नहीं किया गया है कि अन्य सेंच्युरी, रिजर्व और पार्क की तरह यहां बफर जोन में पर्यटकों के लिए जंगल सफारी की गतिविधियां संचालित रहेंगी या नहीं । इस वार्षिक क्लोजर या तीन महीने की बंदी के पीछे कई महत्वपूर्ण पर्यावरणीय, जैवीय और प्रशासनिक कारण निहित हैं। मानसून की दस्तक के साथ ही जंगलों में वन्यजीवों का मुख्य प्रजनन काल शुरू हो जाता है। यह समय बाघों, तेंदुओं सहित अन्य दुर्लभ वन्यजीवों के वंश वृद्धि और उनके नवजात शावकों के पालन-पोषण के लिए सबसे संवेदनशील और अनुकूल माना जाता है। इस दौरान वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास में मानवीय हस्तक्षेप को न्यूनतम रखना अत्यंत आवश्यक होता है, ताकि वे बिना किसी तनाव, शोर या भय के शांत और सुरक्षित वातावरण में विचरण कर सकें। सफारी वाहनों का शोर और इंसानी आवाजाही उनके स्वाभाविक व्यवहार और नाजुक प्रजनन चक्र में बाधा डाल सकती है, इसलिए जैवीय दृष्टिकोण को सर्वोपरि रखते हुए यह तीन महीने की बंदी हर साल लागू की जाती है। पर्यावरणीय और प्राकृतिक कारणों की बात करें तो वर्षाकाल में संपूर्ण वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, इससे जुड़ी सेंचुरी और नेशनल पार्क क्षेत्रों की जैव विविधता को एक नया जीवन मिलता है।

दमोह जबलपुर हाईवे पर चालक की लापरवाही से युवक की दर्दनाक मौत

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जबलपुर स्टेट हाईवे पर मंगलवार को चालक की लापरवाही से एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा जबेरा थाना क्षेत्र के मजा नाले के पास वेयरहाउस के सामने हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौके पर गंभीर चोटें आईं। इस हादसे के बाद ट्रक चालक जहां मौके पर गाड़ी छोड़कर भाग गया वहीं घटनास्थल से बेहद दर्दनाक तस्वीर भी सामने आई है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुची उसकी मां को बेटा पहिए के नीचे दबा दिखा। लेकिन उसकों निकालने वाला कोई नहीं था। जिस पर बेटे को बचाने के लिए उसकी मां भी दूसरे चकों के बीच में घुसकर निकालने की असफल कोशिश करती नजर आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गिदरा निवासी गिरवर एवं कुलदीप (18 वर्ष), पिता जालम सिंह, किसी कार्य से जबेरा आए थे। वापस लौटते समय भदर नाले के पास दमोह से जबलपुर की ओर जा रहे ट्रक ने कुलदीप को कुचल दिया। घटना की सूचना स्थानीय युवक मोंटू बाजपेयी ने जबेरा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एएसआई अशोक सिंह एवं आरक्षक वीरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को ट्रक के नीचे से निकालकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जबेरा ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवाया है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंपा जाएगा। वहीं पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक की मां एवं अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे क्षेत्र में घटना को लेकर शोक का माहौल है। उल्लेखनीय है कि सोमवार सुबह दमोह के चरहाई क्षेत्र मे भी ऐसे ही एक चालक की लापरवाही से एक मासूम बालिका पिछले पहिए की चपेट में आकर काल कल्वित हो गई थी।

## तीन दिन से बिजली बंद होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अजब धाम क्षेत्र में विगत तीन दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद होने से भीषण उमस के बीच ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है जिससे विद्युत विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश अब सड़कों पर फूट पड़ा है। सोमवार रात के बाद, मंगलवार को लगातार दूसरे दिन आक्रोशित ग्रामीणों ने हटा-रजपुरा मार्ग पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया था उस दौरान मौके पर पहुंचे जिम्मेदार अधिकारियों ने जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति सुचारू करने का झुनझुना थमाते हुए समझाइश दी थी, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया था। लेकिन विभाग का यह आश्वासन खोखला साबित हुआ। मंगलवार दोपहर तक जब क्षेत्र की बत्ती गुल रही और बिजली बहाल करने के कोई जमीनी प्रयास नजर नहीं आए, तो ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। गुस्से से आगबबूला ग्रामीणों ने मंगलवार की दोपहर पुनः अजब धाम चौकी के सामने हटा-रजपुरा मार्ग पर बैठकर भारी चक्काजाम कर दिया। अधिकारियों को चक्का जाम की सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया मौके पर नवागत मगरोंन थाना प्रभारी वंदना गौर, विद्युत विभाग के जेई बीएल पटेल, अजब धाम चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह ठाकुर और नायब तहसीलदार कोमल चढ़ार भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। अधिकारियों द्वारा लगातार ग्रामीणों को समझाने और जल्द फॉल्ट सुधारने का प्रयास करने की बात कही जा रही है, लेकिन ग्रामीण इस बार ठोस कार्रवाई और बिजली चालू होने तक हटने को तैयार नहीं दिखे। जाम के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि- क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में पिछले 72 घंटों से एक यूनिट बिजली भी नहीं सप्लाय हुई है। बिजली न होने से नल-जल योजनाएं और वॉटर पंप ठप पड़े हैं, जिससे गांवों में पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।भीषण उमस के बीच रात में बिजली न रहने से बच्चे और बुजुर्ग सो नहीं पा रहे हैं, वहीं संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

ऑपरेशन क्लीन के तहत कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## पांच किलो से अधिक गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन क्लीन' अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 5 किलो 93 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 75 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया तथा नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पांडेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में 29 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने कार्तिक पिता भगवानदास संसिया (22 वर्ष), निवासी घनश्यामपुरा, थाना बटियागढ़, जिला दमोह को पकड़कर उसके कब्जे से 5 किलो 93 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 75 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्रमांक 621/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, उप निरीक्षक नीतेश जैन, प्रधान आरक्षक घासीराम, आरक्षक बृजेंद्र मिश्रा तथा नरेंद्र पटेरिया की सराहनीय भूमिका रही।

## बिना लाइसेंस उर्वरक बेचने पर बड़ी कार्वाई

## 41 बोरी एनपीके खाद जब्त

दमोह।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे सघन निरीक्षण अभियान के तहत तेंदूखेड़ा विकासखंड में अवैध उर्वरक भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। उप संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने बताया कि तहसीलदार तेंदूखेड़ा विवेक व्यास एवं उनकी टीम ने ग्राम सर्रा निवासी राकेश जैन उर्फ पल्लई जैन की किराना दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिना वैध लाइसेंस के उर्वरक का भंडारण एवं विक्रय किया जाना पाया गया, जिस पर 41 बोरी एनपीके (12:32:16) उर्वरक जब्त किया गया। प्रकरण में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की धारा 7/19 के प्रावधानों के उल्लंघन पाए जाने पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक जी.पी. बैन द्वारा थाना तारादेही में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। श्री बैन ने कहा किसानों के हितों की सुरक्षा तथा उर्वरकों की वैध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अवैध भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं एवं प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी - कलेक्टर



**दमोह।** पोषण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, पोषण वितरण एनीमिया प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों का नियमित मैदानी मूल्यांकन किया जाए। अधिकारीगण जिम्मेदारी और मेहनत से कार्य करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला बाल विकास की विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग संयुक्त संचालक सागर बी.एल. प्रजापति विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने सभी परियोजना अधिकारियों से कहा जिम्मेदारी से कार्य करें, कार्य में गति लाएँ। गर्भवती एवं धात्री माताओं एवं बच्चों को विभागीय योजनाओं का लाभ समय पर मिले तथा आंगनवाड़ी स्तर पर संचालित गतिविधियों की नियमित निगरानी की जाए।

### समग्र ई-केवाईसी एवं सत्यापन समय पर पूर्ण करें

कलेक्टर श्री यादव ने निर्देश दिए कि लाड़ली लक्ष्मी योजना में शामिल हितग्राहियों का समग्र आईडी सत्यापन एवं आवश्यक ई-केवाईसी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिलता रहे।

### लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें

बैठक में महिला एवं बाल विकास की सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए तथा लंबित प्रकरणों की संख्या लगातार कम की जाए।

### 15 जुलाई तक पर्यवेक्षक करें सत्यापन कार्य पूर्ण

कलेक्टर श्री यादव ने निर्देश दिए कि 15 जुलाई तक पर्यवेक्षकों द्वारा हितग्राही सत्यापन पूर्ण करा लिया जाए। सभी पर्यवेक्षक अपने-अपने सेक्टर में पूर्ण जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ सत्यापन कार्य करें तथा कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सायबर अपराध रोकने किया जागरूक



**हिण्डोरिया।** मध्यप्रदेश पुलिस का साइबर अपराधों के प्रति जन जागरूकता अभियान रथ मंगलवार को बस स्टेण्ड हिंडोरिया पहुंचा। इस मौके पर साइबर अपराध से सावधान रहने, अनजान नंबरों से आने वाली काल पर भरोसा न करने , अनजान नंबर से आए कॉल पर लिंग, फोटो, वीडियो, एपीके फाइल से डाउनलोड न करने , किसी भी भय लालच का शिकार न बनने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सायवर अपराध से पीड़ित नागरिकों को हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर जन जागरूकता अभियान रथ के माध्यम से पंपलेट आदि नागरिकों मे वितरित किये गए। इस मौके पर एएसआई राम कुमार ठाकुर, प्रधान आरक्षक मयूर बड़गैयां, आरक्षक देवेंद्र, आरक्षक योगेन्द्र सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## कार्यकाल पूर्ण होने पर दो वन कर्मियों को भावभीनी विदाई



**सगोनी।** वन परिक्षेत्र सगोनी में कार्यकाल पूर्ण होने पर बीट गार्ड सलीम बक्शी एवं स्थायी कर्मी देवी सिंह को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी अखिलेश चौरसिया ने दोनों कर्मचारियों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विभाग के प्रति उनकी निष्ठा और सेवाभाव सदैव प्रेरणादायी रहेगा।विदाई समारोह में डिप्टी रेंजर मुकेश पाराशर, जगदीश समदड़िया सहित वन विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने दोनों वनकर्मियों को विदाई देते हुए उनके सुखद एवं सफल जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को बताई संघर्ष और सफलता की कहानी



**बटियागढ़।** उत्कृष्ट विद्यालय बटियागढ़ में मंगलवार को 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत आयोजित प्रेरक संवाद में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने विद्यार्थियों से अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि यूपीएससी परीक्षा उन्होंने दूसरे प्रयास में उत्तीर्ण की थी। पहली असफलता के बाद उन्होंने हार नहीं मानी, बल्कि और बेहतर तैयारी कर लक्ष्य हासिल किया। एसपी ने कहा कि हर विद्यार्थी को जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य तय करना चाहिए और उसे पाने के लिए नियमित मेहनत, अनुशासन तथा धैर्य बनाए रखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल और सोशल मीडिया का सीमित व सकारात्मक उपयोग करने की सलाह देते हुए पढ़ाई पर पूरा ध्यान देने की बात कही। संवाद के दौरान छात्रों ने करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं और पुलिस सेवा से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनके उन्होंने विस्तार से जवाब दिए। वहीं छात्राओं द्वारा मनचलों की शिकायत से जुड़े सवाल पर एसपी ने कहा कि थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। यदि किसी भी छात्रा से इस शिकायत मिलती है तो तत्काल जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य बीएस रावत, अतिथि शिक्षक बृजेश विश्वकर्मा, बटियागढ़ थाना प्रभारी रजनी शुक्ला सहित पुलिस स्टाफ और स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## तहसील न्यायालय परिसर में पेशी के दौरान महिला और वकील के बीच विवाद

**तेंदूखेड़ा।** तहसील न्यायालय तेंदूखेड़ा में मंगलवार को एक प्रकरण की पेशी के दौरान एक महिला और अधिवक्ता के बीच तीखी नोकझोंक का मामला सामने आया। विवाद इतना बढ़ गया कि पेशी समाप्त होने के बाद दोनों पक्षों के बीच कथित रूप से हाथापाई की स्थिति भी निर्मित हो गई। घटना के दौरान न्यायालय परिसर में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने पूरा घटनाक्रम देखा।प्राप्त जानकारी के अनुसार, तहसीलदार न्यायालय में चल रहे एक भूमि संबंधी प्रकरण की सुनवाई के दौरान पक्षकार महिला मीना साहू और विरोधी पक्ष के अधिवक्ता बी.के. चौबे के बीच बहस हो गई। बताया जाता है कि सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखे शब्दों का आदान-प्रदान हुआ। इसके बाद पेशी समाप्त होने पर महिला अधिवक्ता के पास पहुंची, जहां दोनों के बीच विवाद और बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद हाथापाई तक पहुंच गया, जिससे न्यायालय परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। महिला मीना साहू का आरोप है कि वह अपनी जमीन से जुड़े मामले में स्वयं पैरवी कर रही हैं क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे अधिवक्ता की सेवाएं ले सकें। उनका कहना है कि सुनवाई के दौरान विरोधी पक्ष के अधिवक्ता ने उनके प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया, जिसके चलते विवाद की स्थिति बनी। वही एडवोकेट बी के चौबे का कहना है कि यह जरूर है मैं आपे से बाहर हो गया था लेकिन बदतमीजी मैं नहीं हूँ पहले महिला ने न्यायालय में मेरे साथ अपशब्दों का प्रयोग किया था मैंने रिपोर्ट कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए तहसीलदार विवेक व्यास ने बताया कि सुनवाई के दौरान उनके समक्ष दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी और दोनों ओर से आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। उन्होंने बताया कि स्थिति को देखते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दे दी गई। इसके बाद 112 भी तहसील कार्यालय पहुंची अब मामले की आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई पुलिस द्वारा की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटा रही है। दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जाने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सिंचाई परियोजनाओं से बदली दमोह की तस्वीर, किसानों की आय बढ़ी- विधायक मलैया

**प्रदेशभर में 3.62 लाख से अधिक जल संरक्षण कार्य पूर्ण, 10,514 करोड़ रुपये की लागत से जल संसाधनों के संरक्षण को मिली नई गति**

**दमोह स्थित बेलाताल में हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश में जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य किए गए हैं। अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को केवल शासकीय कार्यक्रम तक सीमित न रखकर समाज का संस्कार बनाना है, प्रदेश प्राकृतिक जल स्त्रोतों से समृद्ध है, लेकिन बदलते जलवायु चक्र, भूजल के अत्यधिक दोहन तथा जल प्रबंधन के प्रति बढ़ती असावधानी को देखते हुए जल संरक्षण आज सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल हो गया है। इसी दृष्टि से आधुनिक तकनीक और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन को सुदृढ़ किया जा रहा है, इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर बेलाताल में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में व्यक्त किये। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत प्रदेशभर में लगभग 3 लाख 62 हजार जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों का क्रियान्वयन किया गया है।

मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा जब तक जल संरक्षण को हम अपनी जीवन पद्धति में आत्मसात नहीं करेंगे और अपनी आदतों में सुधार नहीं लाएंगे, तब तक जल संकट का स्थायी समाधान संभव नहीं है।

दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा आज दमोह जिला पानी से लबालब है और सिंचाई परियोजनाओं के सकारात्मक परिणाम किसानों के जीवन में स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा सीतानगर, पंचमनगर और सतधरू जैसी सिंचाई परियोजनाओं के कारण क्षेत्र में खेती की तस्वीर बदल गई है, उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से कृषि भूमि के मूल्य में लगभग पाँच गुना तक वृद्धि हुई है। पर्याप्त सिंचाई सुविधा मिलने से किसान अब वर्ष में तीन फसलें ले रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लिए धन्यवाद देते हैं जो इस अभियान को प्रारंभ कराया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेंद्र कटारे ने भी अपनी बात कही। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह प्रवीण फुलपगारे ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से शुरू हुआ था और 30 जून को समाप्त करना था, कार्यक्रम के तहत जलस्त्रोतों को सुरक्षित करने में लोगो की जागरूकता और सहभागिता बनानी थी और जन जागरूकता फैलानी थी, मुझे बताते हुए यह खुशी है की जल संवर्धन की रैंकिंग में हमारा दमोह जिला 17 वे नंबर पर है। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वालो का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इसमें स्वयंसेवी संस्थाएँ, शिक्षक और अन्य लोग शामिल रहे। इस दौरान जल संवर्धन-संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे और आभार सुशील नामदेव ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विधायक जयंत मलैया, म.प्र. राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, गोपाल पटेल, अमित जैन (गोलू बजाज), रामेश्वर चौधरी, संजय यादव, राघवेन्द्र सिंह परिहार, कविता राय, संतोष रोहित सहित अन्य जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक, सम्मानीय मीडियाजन, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## इमलावाले हनुमान मंदिर बकायन को लोक न्यास ट्रस्ट का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री इमलावाले हनुमान जी मंदिर, बकायन को आधिकारिक रूप से लोकन्यास (ट्रस्ट) घोषित कर दिया गया है। यह निर्णय माननीय अनुविभागीय अधिकारी, पथरिया द्वारा आदेश क्रमांक 162/बी-121/2025-26 दिनांक 18 जून 2026 के तहत जारी न्यायालयीन आदेश के अनुसार लिया गया। इस ट्रस्ट के गठन में महंत महामंडलेश्वर हरिदास, महंत राम अनुग्रह दास (छोटे सरकार), अनुविभागीय अधिकारी नीकेत चौरसिया, योगेन्द्र चौधरी तहसीलदार बटियागढ़ तथा क्षेत्र की जनता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। लंबे समय से चली आ रही जनभावनाओं और मांग को ध्यान में रखते हुए मंदिर के सुव्यवस्थित संचालन एवं विकास के उद्देश्य से लोकन्यास ट्रस्ट का गठन किया गया है। ट्रस्ट के पदाधिकारी महंत हरिदास, अध्यक्ष, संरक्षक एवं प्रबंधक संजय कुमार पलनीटकर, उपाध्यक्ष राकेश दुबे, सचिव महंत राम अनुग्रह दास, कोषाध्यक्ष बलराम पटैल, उत्सव संयोजक ऋषि पटेल, सदस्य विनय असाटी, सदस्य पुरुषोत्तम असाटी, सदस्य लक्ष्मण विश्वकर्मा, सदस्य हरिशंकर चौरसिया, सदस्य विशाल पटेल, सदस्य ट्रस्ट के उपाध्यक्ष संजय कुमार पलनीटकर ने बताया कि हजारों हनुमान भक्तों की अपेक्षाओं के अनुरूप ट्रस्ट पूर्ण पारदर्शिता, समर्पण और सेवा भाव के साथ मंदिर के समग्र विकास, धार्मिक गतिविधियों के सुव्यवस्थित संचालन तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य करेगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से मंदिर के विकास कार्यों में सहयोग एवं सहभागिता की अपील भी की।